### मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया लाड़ली बहना योजना व गैस सिलेण्डर रिफिल योजना के हितग्राहियों को राशि का अंतरण

# 3.18 लाख लाड़ली बहनों के खातों में आए 38.38 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की 23वीं किस्त ,गैस सिलेंडर रिफिल योजना की राशि एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक सहायता राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर उन्होंने सभी बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं।

**छिंदवाड़ा जिले की 3.18 लाख बहनों को मिले 38.38 करोड़ रुपए-** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की अप्रैल माह की 1250 रुपए की मासिक सहायता राशि के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की 3,18,827 बहनों को कुल 38.38 करोड़ रुपए तथा पांढुर्णा जिले की 74,050 बहनों को 8.87 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई।

**गैस सिलेंडर रिफिल योजना में भी मिला लाभ -** छिंदवाड़ा जिले के 1,30,747 हितग्राहियों को 1.78 करोड़ रुपए और पांढुर्णा जिले के 7,260 हितग्राहियों को 15.68 लाख रुपए गैस सिलेंडर रिफिल योजना के तहत मिले।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत भी मिली मासिक पेंशन की राशि-** छिंदवाड़ा जिले के 1,43,865 हितग्राहियों को 103.96 करोड़ रुपए और पांढुर्णा जिले के 41,745 हितग्राहियों को 29.50 करोड़ रुपए की राशि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत वितरित की गई।

**कलेक्टर कार्यालय में देखा गया सीधा प्रसारण -** इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में लाभान्वित हितग्राहियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर सहित कई लाभार्थी लाडली बहनें और पेंशनर्स उपस्थित थे। जिले की सभी 12 परियोजनाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी कार्यक्रम का वेबकास्ट द्वारा सीधा प्रसारण किया गया।

**लाड़ली बहनों ने जाहिर की खुशी: "बच्चों की फीस भरने में मिल रही है मदद"-** छिंदवाड़ा शहर के वार्ड क्रमांक 13 की हितग्राही श्रीमती कविता बघेल ने बताया कि उन्हें आज 23वीं किस्त की राशि प्राप्त हुई है। योजना की राशि वे अपने बच्चों की स्कूल फीस भरने और बच्चों की अन्य जरूरतें पूरी करने में करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद करते हुए योजना को बहनों के लिए वरदान बताया।

### "छोटी-छोटी जरूरतें अब पूरी हो रही हैं"

वार्ड क्रमांक 12 की लाभार्थी सावित्री वर्मा ने भी योजना को सराहा और कहा कि यह सहायता राशि घर की रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार जताया।

### लाड़ो अभियान के अंतर्गत लिया गया बाल विवाह प्रतिषेध का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में लाड़ो अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित हितग्राहियों को बाल विवाह प्रतिषेध की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाज से समाप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने सौंपे पीपीओ, पुष्पहार से किया सम्मान

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा समय सीमा की बैठक में लगातार दिए जा रहे निर्देशों और समीक्षा का परिणाम है कि जिले में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को समय पर पेंशन प्राधिकार पत्र (पीपीओ) सम्मान पूर्वक वितरण का कार्य फरवरी माह से पुनः प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में आज 16 अप्रैल 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मार्च माह 2025 में सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के 42 शासकीय सेवकों को कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया तथा स्वयं अपने हाथों पीपीओ वितरित किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी पेंशनरों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन उनके दीर्घ सेवाकाल के योगदान का सम्मान करता है। पेंशनरों ने भी इस सम्मान को गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कलेक्टर श्री सिंह का आभार व्यक्त किया। मार्च 2025 में सेवानिवृत्त हुए 94 प्रतिशत कर्मचारियों के पीपीओ जिला पेंशन कार्यालय द्वारा समय पर जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने इस सराहनीय उपलब्धि पर पेंशन अधिकारी एवं उनके स्टाफ सहित संबंधित कार्यालय प्रमुखों को बधाई दी। आयोजन के दौरान मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सह-संगठन मंत्री श्री नंदकुमार एवं संरक्षक श्री शशि कुमार तिवारी ने कलेक्टर श्री सिंह के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में एडीएम श्री के.सी. बोपचे, जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती हीरावती उइके, अतिरिक्त जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती शालिनी उइके, श्री आशीष तिवारी एवं श्रीमती आबादा खातून (सहायक संचालक), श्रीमती नम्रता अहके (सहायक पेंशन अधिकारी) सहित जिला पेंशन कार्यालय का स्टाफ और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर निगम ने नागपुर रोड से हटाया अतिक्रमण



**छिंदवाड़ा।** नागपुर रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण बढ़ने की शिकायत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा को प्राप्त हुई। जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम के अतिक्रमण दल ने कड़ी कार्यवाही करते हुए छः गुमठियों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटा दिया एवं पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी। एक अन्य मामले में रामबाग चौक स्थित भवन के बाहर की अधिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी मशीन की सहायता से हटाया गया। इस दौरान नगर निगम छिंदवाड़ा का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा।

## सांसद ने वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी को ईलाज के लिए दी व्यक्तिगत सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने मानवता का परिचय देते हुए वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी को ईलाज के लिए 50 हजार की व्यक्तिगत सहायता राशि प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी का नागपुर में ईलाज चल रहा है। जिसकी जानकारी मिलते ही सांसद श्री साहू ने फोन के माध्यम से श्री सोनी से चर्चा कर उनका हालचाल जाना और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# रेंज ऑफिस में शुरू होगा पांढुर्ना वन मंडल कार्यालय

### कुल 23 उपरेंज तथा 92 बीट होगी, जरूरी संसाधनों पर खर्च एवं निर्माण के लिए भूमि का हो चुका है चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

इसी माह में वनविभाग के स्थानीय रेंज कार्यालय में पांढुर्ना वन मंडल कार्यालय संचालित होगा। ज्ञात हो कि छिंदवाडा के दक्षिण वन मंडल को शासन ने खत्म कर उसका नाम पांढुर्ना वन मंडल कर दिया है। दक्षिण वनमंडल के छिंदवाडा स्थित कार्यालय पर अब पांढुर्ना वनमंडल का बोर्ड लगा दिया गया है।

वनविभाग के रेंजर प्रभुराम मुछाला ने बताया कि कुछ ही दिनों में रेंज ऑफिस पांढुर्ना से पांढुर्ना वन मंडल संचालित होना शुरू हो जाएगा। इस बारे समस्त औपचारिकताएं और शिफ्टिंग तेजी किए जाने के निर्देश शासन स्तर पर जारी किए गए है। जल्द ही वनविभाग छिंदवाडा का भवन खाली कर यहां से कार्य शुरू किया जाना है।

रेंजर प्रभुराम मुछाला ने बताया कि पांढुर्ना का रेंज ऑफिस हम बाजू में ही स्थानांतरित कर रहे है। भविष्य में पांढुर्ना वनमंडल कार्यालय और रेंज ऑफिस का नया भवन बनाया जाना है। स्थायी पोस्टिंग होने तक पांढुर्ना कार्यालय में डीएफओ के रूप में छिंदवाडा के डीएफओ लक्ष्मीकांत वासनिक दोहरे प्रभार में रहेंगे।

पांढुर्ना जिले में कुल 5 रेंज होगी जिसमें 2 एसडीओ, 23 उपरेंज तथा 92 बीट होंगे। इन 23 उपरेंज में चिचोलीढाना, टेमनी, तिगांव, सिवनी, पारडी, बोरपानी, नंदेवानी, नांदनवाडी, अंबाडा, चिमनखापा, कामठी, जोबनडेरा, सौंसर, मर्राम, मोहगांव, जोबनी भाग, बोरपानी, सवनरनी, बोरगांव, सतनुर, देवी एवं खुटामा शामिल होगा।

वनमंडल के लिए सभी जरूरी संसाधनों पर खर्च एवं निर्माण के लिए भूमि का चयन हो चुका है जिसपर निर्माण हेतु 5 करोड 26 लाख रू. का बजट शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है।

## धूमधाम से मनाई जाएगी निषादराज जयंती

**दमुआ।** भगवान श्री निषादराज जयंति उत्सव पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है माझी , मछुआ, कहार समाज के ईस्टदेव श्री निषादराज जी जयंति के उपलक्ष्य में दिनांक 18 अप्रैल दिन शुक्रवार को उत्सव पर्व के रूप में कार्यक्रम स्थान माझी मंगल भवन दमुआ मे आयोजित किया गया है। जबकि कार्यक्रम मुख्य रूप से मध्यप्रदेश माझी मछुआ नाविक श्रमिक संघ के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।श्री निषादराज जयंति के अवसर पर दिनांक 18 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से श्री निषादराज महाराज जी का हवन पूजन कार्यक्रम होगा तत्पश्चात 2 बजे से शोभा यात्रा निकाली जावेगी जो कि शोभा यात्रा सम्पूर्ण दमुआ नगर का भ्रमण भी करेगी।

## सोनिया एवं राहुल के खिलाफ आरोप पत्र के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**पांढुर्णा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेत्री सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी पर से संबंधित नेशनल हेरॉल्ड की संपत्तियों की जब्ती को अन्यायपूर्ण और प्रायोजित अपराध बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना ने आज विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद इस आशय का ज्ञापन एसडीएम पांढुर्ना के माध्यम से राज्यपाल महोदय को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि लोकतंत्र में हमारे वरिष्ठ प्रतिपक्षी नेताओं पर सरकार का दुरूपयोग करते हुए सीधा हमला किया गया है। कांग्रेस ने इसे प्रतिशोध की राजनीति का निकृष्टतम उदाहरण बताया है। ज्ञापन देते समय जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, सौंसर विधायक विजय चौरे, स्थानीय विधायक निलेश उईके, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, पूर्व विधायक जतन उईके, नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल, मीडिया प्रभारी देवकांत मांडोगडे तथा कीर्ती पठाडे के अलावा अनेक उपस्थित थे।

## महापौर ने किया योजना कार्यालय का निरीक्षण, विवाह के आवेदनों की जांच शीघ्र करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को सामूहिक विवाह/ निकाह का आयोजन किया जाना है।इस संबंध में आवेदनों पर होने वाली कार्यवाही एवं जांच का निरीक्षण करने महापौर विक्रम अहके अचानक योजना कार्यालय पहुंचे। यहां महापौर ने शाखा का निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली साथ ही आवेदनों की जांच शीघ्र कर उसे ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत महापौर ने अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया एवं लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित शाखा प्रभारियों को दिए। इस दौरान सभापति राहुल उइके, सहायक यंत्री विवेक चौहान, कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आज आएंगे शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज

**छिंदवाड़ा।** अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का तीन दिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर लोकार्पण समारोह में आगमन होने जा रहा है। देवभूमि डेवलपर्स परिवार के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री नंदन हिल्स चौखड़ाढाना, हिंदूस्तान यूनिलीवर के आगे नरसिंहपुर रोड में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए देव भूमि डेवलपर्स उज्जवल सूर्यवशी, बकुल मिगलानी, दीपक देवांगन ने बताया कि परमपूज्य शंकराचार्य जो स्वामी सदानंद महाराज का आगमन 17 अप्रैल को शाम 4 बजे होगा जिनके स्वागत के लिए चौरई से लेकर आयोजन स्थल तक अलग-अलग स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं जहां पर भक्तों द्वारा शंकराचार्य महाराज स्वामी सदानंद जी का स्वागत किया जाएगा।हर दिन होंगे सत्संग और प्रवचनरितेश चौरसिया और लक्की चौहान ने बताया कि 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का लोकार्पण समारोह में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज मुख्य रूप से शामिल होंगे। वह 18 और 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे भक्तों को दीक्षा देंगे इसके अलावा रोजाना परिसर में शाम 5 बजे से महाराज जी द्वारा प्रवचन और सत्संग भी किया जाएगा। आयोजन स्थल पर 5 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है जबकि पार्किंग की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की जा चुकी है। आयोजन समिति के अनिल तिवारी ने बताया कि 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शोभायात्रा एवं पूज्यपाद जगदगुरु शंकराचार्य महाराज श्री का स्वागत, प्रायश्चित, दशविधस्नान और मंडल स्थापना होगी।




### विशेष श्रृंगार पूजन पाठ से किया गया सुशोभित

## भक्तों की आस्था का केंद्र बिन्दु है स्वयंभू श्री बड़ी माता मंदिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा नगर शक्तिपीठ श्री बड़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में 9 दिवसीय नवरात्र महोत्सव का कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक किए जा रहे हैं। अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया इस वर्ष चैत्र नवरात्र में दिव्य 201 ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। जिसमें भक्ति भाव के साथ प्रतिदिन प्रातः संध्या पूजन पाठ नियमित रूप से किए जा रहे है।

इसी तारतम्य में पंचमी विशेष महाआरती का आयोजन बुधवार की रात्रि में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शन , पूजन हेतु भक्तगण सम्मिलित हुए। इसी क्रम में छठमी की विशेष तिथि में मातारानी के स्वयंभू प्रकट स्वरूप गर्भगृह में विशेष श्रृंगार सेवकों के द्वारा अनासम अन्नास श्रृंगार से बड़ी माई के स्वयंभू दरबार को सुशोभित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या भक्तगण पूजन दर्शन किया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज ने बताया जैसा कि आप सभी को विदित हैं। करोड़ों के मंदिर नवनिर्माण जनसहयोग के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में टोलियों के माध्यम से प्रतिदिन सहयोग लेने हेतु मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी सहयोग लेने हेतु घर घर जा रहे है। आप समस्त नगर वासी से विनम्र निवेदन हैं। हमारे जनसहयोग में अधिक से अधिक अपनी भावनाओं क्षमता के अनुसार मंदिर नवनिर्माण में अवश्य सहयोग करें ।

आगामी तिथियों के मुख्य कार्यक्रम जिसमें अष्टमी का हवन पूजन कार्यक्रम 5 अप्रैल प्रातः 10 बजे आरंभ किया जाएगा। नवमी कन्या पूजन 6 तारीख को प्रातः 10 बजे से साथ ही हलवा पुड़ी महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही संध्या 3 बजे से जंवारे कलश विसर्जन का कार्यक्रम भी रखा गया है। आप मंदिर ट्रस्ट के समस्त कार्यक्रम के सादर आमंत्रित रहेंगे।

### सांसद एवं विधायक ने दिया जोड़ों को आशीर्वाद, मेहमानों का किया सत्कार एवं स्वागत

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 347 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण मे मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत कुल 347 युगल परिणय सूत्र में बंधे। आज के विशाल विवाह सम्मेलन में सभी नवयुगलों को क्षेत्रीय सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू, विधायक निलेश उईके, कलेक्टर अजय देव शर्मा तथा एसपी सुंदर सिंह कनेश के अलावा अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने आशिष प्रदान किया। लेकिन जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड की समारोह में गैरहाजिरी चर्चा का विषय बनी रही।

इस अवसर पर सांसद बंटी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि किसी जमाने में गांव के अमीरों और पटेलों की बेटियों के विवाह समारोह देखकर गरीब पिता दुखी होता जाता था क्यों कि वह सैकडों मेहमानों की व्यवस्था और आदर सत्कार नहीं कर पाता। आज भाजपा सरकार ने उस गरीब पिता का दुख दूर कर दिया है क्यों कि अब उसकी बेटी के ब्याह में आने वाले मेहमानों के सत्कार और खान पान की जिम्मेदारी हमारी सरकार ने उठा रखी है। सांसद महोदय ने 347 नव युगलों को खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

विधायक निलेश उईके ने मंच से कहा कि आज के सामूहिक विवाह में सर्वाधिक जोडे आदिवासी समाज से है। हमने प्रशासन से निवेदन किया था कि आदिवासी युगलों का विवाह आदिवासी परंपरा के अनुसार होना चाहिए। इस निवेदन को उच्च प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया इसलिए विधायक निलेश उईके ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

आज के सामूहिक विवाह मे नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल, सांसद प्रतिनिधि उज्वल सिंह चौहान, नगरमंडल अध्यक्ष नरेश कलंबे, सांसद प्रतिनिधि बाल्या ठाकरे और अन्य मौजूद रहे।

## सीताराम महायज्ञ में मंत्र उच्चारण से गुंजायमान हो रहा उमरिया फदाली ग्राम



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत चमत्कारिक हनुमान मंदिर ग्राम उमरिया फदाली ,श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के छठवें दिवस स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा मित्रों के बीच यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुति डाली गई यज्ञ आचार्य पंडित अमित उपाध्याय बिलासपुर द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है।

राम कथा के छठवें दिन बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पधारे धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज के मुखारविंद से राम कथा में बुधवार कोआगे की कथा में पंडित दुर्गेश महाराज द्वारा कथा में बताया गया कि राम वन गमन के पश्चात दशरथ जी इस पीड़ा के बादराम राम कहि राम कहि राम राम कहि राम, तनु परीहरि रघुवीर बिरहं राउ गयउ सुरधाम। दशरथ जी इस असहनीय दुःख को सह नहीं पाए और प्राण त्याग दिए।

यह समाचार जब भरत और शत्रुघ्न को मामा के यहां मिला तो वे अयोध्या आए और उन्हें जब यह पता चला कि माता कैकई ने पिताजी दशरथ को राम के बजाय भरत को राजा बनाने के लिए मजबूर किया था तो वह बहुत क्रोधित होते हैं भरत चरित्र की बहुत बड़ी प्राथमिकता है आज भाई भाई जहां दुश्मन जेसा व्यवहार करते हैं वही भरत चरित्र में त्याग संयम समर्पण और ईश्वर प्रेम का दूसरा उदाहरण है।

भरत चरित्र मैं भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है भरत जी का चरित्र अनुकरनीय है भरत जी का एक-एक प्रसंग धर्मसार है भरत के चरित्र का मार्मिक वर्णन आज की कथा में धर्माचार्य पंडित दुर्गेश महाराज द्वाराकिया गया कथा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7:00 बजे तक उमरिया फदाली चमत्कारिक हनुमान मंदिर में किया जा रहा है हनुमान मंदिर सेवा दास समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस पुनीत यज्ञ एवं कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## प्रबंधन के खिलाफ इंटक कर रही नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन

### मांगे नहीं मानी तो रोकेंगे कोल डिसपेच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नेहरिया कोयला खान प्रबंधन के खिलाफ इंटक नेहरिया शाखा पदाधिकारियों के द्वारा बीते दो दिनों से खदान परिसर में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है । संगठन के लोगों ने मजदूरों की मांग नहीं माने जाने पर कोल डिस्पेच रोकने की चेतावनी भी दी है ।नेहरिया शाखा इंटक द्वारा प्रबंधन की गलत नीति , खदान की गलत प्लानिंग एवं मजदूर विरोधी कार्यों के विरोध में लगातार 2 दिनों से खान प्रबंधक कार्यालय के समीप इंटक श्रम संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन (नारे बाजी) की गई । संगठन पदाधिकारियों ने बताया , कि प्रबंधन के द्वारा खदान सुरक्षा , मजदूरों की सुरक्षा को लेकर लापरवही की जा रही है । वहीं सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत सुविधाए मजदूरों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है । यदि प्रबंधन शीघ्र ही मांगे पूरी नहीं करता है , तो आगामी 25 अप्रैल को कोल डिस्पेच रोका जाडगा ।

## भाजपा पार्षद ने नपाध्यक्ष के खिलाफ भाजपा जिलाध्यक्ष से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद पवन सूर्यवंशी ने नगर पालिका परिषद परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय के रवैये को तानाशाही और उनकी कार्य प्रणाली को भ्रष्टाचार पूर्ण बताते हुए जिला अध्यक्ष शेषराव यादव को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की है । जिसमें पवन सूर्यवंशी ने आरोप लगाया है , कि श्री मालवीय ने दिनांक 26 मार्च 2025 को बिना किसी पूर्व सूचना या संगठन से विमर्श किए , उन्हें नगर पालिका की पीआईसी (स्थायी समिति) से हटा दिया और उनकी जगह कांग्रेस से आए नए सदस्य को सभापति नियुक्त कर दिया । श्री सूर्यवंशी का कहना है , कि यह निर्णय पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और संगठन की गरिमा के विपरीत है । अपने पत्र में श्री सूर्यवंशी ने यह भी उल्लेख किया , कि उन्होंने हमेशा संगठन के आदेशों का पालन किया है और पार्टी के महापर्व में 1051 नए सदस्य बनवाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया है । वहीं नगर निकाय चुनाव में भी उन्होंने जिले में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की थी । उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा , कि यह सब इसलिए किया गया क्योंकि श्री सूर्यवंशी के द्वारा नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का विरोध किया था । साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी , कि वर्तमान अध्यक्ष के विरुद्ध कलेक्टर कार्यालय में भ्रष्टाचार की जांच चल रही है, और एक पार्षद की जासूसी का मामला न्यायालय में विचाराधीन है । इस गंभीर प्रकरण को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है ।

### बोर्ड परीक्षा की तिथि बढ़ी

**जुन्नारदेव।** म.प्र. मदरसा बोर्ड की कक्षा 10 वीं 12वीं उर्दू माध्यम आवेदन पत्र भरने की सुविधा 20 अगस्त तक बढ़ी छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव-ःम.प्र. मदरसा बोर्ड की कक्षा 10 वीं एवं 12वीं (उर्दू माध्यम) परीक्षा दिसम्बर 2025 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा 20 अगस्त 2025 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर **G2G** के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। 25 अगस्त 2025 तक आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात 31 अगस्त 2025 तक परीक्षा आवेदन सह-पत्रों (क्रेडिट अन्य मण्डल की मूल अंकसूची, अंकसूची का सत्यापन एवं अन्य दस्तावेज़) सहित कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त होना अनिवार्य है। अध्ययन केन्द्रों/छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भलिभांति अवलोकन कर लें ।जिससे की आवेदन पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। किसी भी प्रकार की त्रुटि/कमी होने अथवा मूल आवेदन सह-पत्रों सहित प्राप्त न होने, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में निर्धारित अंतराल न होने पर आवेदन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। निरस्त आवेदन पत्रों के शुल्क की वापसी एवं समायोजन किसी भी दशा में नही किया जावेगा।

# नव दम्पत्ति को आशीर्वाद देने विधायक विवेक पटेल, कटंगी विधायक गौरव पारधी हुए शामिल

### सामूहिक विवाह में 405 जोड़ों का हुआ विवाह सम्पन्न



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के ग्राम झरिया महादेव पहाड़ी परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ सुवस्थित रूप से 405 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 277 हिंदू जोड़ों, 81 अनुसूचित जन जाति व 47 अनुसूचित जाति 47 जोड़ों का रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न किया गया। इस दौरान वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल, कटंगी विधायक गौरव पारधी भी मौजूद रहे। विधायकों के नेतृत्व में सभी दूल्हों की बारात धूमधाम से बाजे गाजे के साथ निकाली गई। सामाजिक पदाधिकारियों के साथ परिवारजनों ने भी ढोल बाजे एवं डीजे की धुन पर थिरकते हुए खुशियां जताई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सनातन संस्कृति के तहत जोड़ों का वैदिक मंत्रों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। सभी अतिथियों ने विवाह सूत्र में बंधे जोड़ों पर अक्षत एवं पुष्प वर्षा करते हुए सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

### सामूहिक विवाह में परिवार को नहीं लेना पड़ता कर्ज

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह सरकार की एक अच्छी पहल हैं, जिसमें गरीब वर्ग के लोगों को सामूहिक विवाह में विवाह करने का मौका मिलता हैं। जो लोग अपने बेटी/बेटे का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उनके लिए शासन द्वारा यह वरदान साबित हो रहा हैं। गरीब परिवार की बेटी के जब हाथ पीले करने होते हैं, तो पिता को कर्ज लेना पड़ता था। लेकिन जब से मुख्यमंत्री द्वारा योजना प्रारंभ की गई हैं, तब से स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है।

### शासन को अंतिम छोर में बैटे हर व्यक्ति की चिंता-गौरव पारधी

कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहन योजना चल रही है, जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आगे बढ़ा रहे हैं। कल तक परिवार में बेटियां पैदा होती थी, तो पिता दुखी रहता था। लेकिन नारी उत्थान और शक्ति करण के लिए चलाई गई योजनाएं आज मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इसका उदाहरण हैं। अब माता-पिता बेटियों के विवाह से मुक्त हुए हैं और सामूहिक विवाह में अनगिनत नव जोड़े विवाह सूत्र में आबद्ध होकर जीवन में नए सफर का आरंभ कर रहे हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर खैरलाँजी जनपद अध्यक्ष आशु गुनीराम बघेले, वारासिवनी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उईके, खैरलॉजी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद लिल्हारे, एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, जनपद सीईओ दीक्षा जैन, थाना प्रभारी रामसिंह पटेल, तहसीलदार छबि पंत, नायब तहसीलदार दुलारे सिंह परते, नरेंद्र राहंगडाले, देवी लिल्हारे, अनीश बेग सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

# विधायक विवेक विक्की पटेल के निवास पर लगा जनता दरबार



**वारसिवनी।** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल जब से चुनाव जीते हैं, तब से लगातार वह जनता की समस्याओं और परेशानियों को हल करने और उन्हें न्याय दिलाने लगातार प्रयासरत रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक विक्की पटेल ने मंगलवार को अपने निवास पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्या सुनी और त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक विवेक विक्की पटेल के इस तरह चलाए जा रहे जनता दरबार की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है और लोगों का हुजूम रोज बढ़ रहा हैं। समस्याओं के निराकरण हेतु जनता भी विधायक निवास पहुंच रही है और क्षेत्र की जनता तत्काल समाधान होने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल की तारीफ भी कर रही हैं।

**रोजाना दर्जनों समस्या का होता है तत्काल समाधान**

क्षेत्र की जनता जब अपने गांव की समस्या लेकर विधायक विवेक विक्की पटेल के निवास स्थान पहुंचती हैं। तो विधायक विवेक विक्की पटेल समस्या सुनने के बाद तत्काल समाधान करने का प्रयास करते हैं और संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर जल्द से जल्द निराकरण करवाने का आदेश अधिकारियों को देते हैं।

### मेरे क्षेत्र के हर व्यक्ति की समस्या का तत्काल हो समाधान, मैं करता हूं हमेशा प्रयास-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मेरे घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिए खुले रहते हैं। मेरे घर के सामने कोई पहरेदार नहीं रहता, मुझे जनता ने चुनाव जिताया हैं। मैं जनता का सेवक हूं, मैं जनता का हर काम करवाने का प्रयास करता हूं। मेरे क्षेत्र के लोग रोजाना बिजली, पानी, सड़क, घरेलू विवाद, आवास योजना, जमीनी विवाद सहित अन्य समस्या लेकर मेरे निवास पहुंचते हैं। इस सभी समस्या को जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास करता हूं। मैं खुद जनता के पास जाता हूं और उनसे पूछता हूं कि ग्राम में क्या काम करवाना हैं? उन्हीं के बताए अनुसार में काम करने का प्रयास करता हूं।

# सीएम हेल्पलाईन की शिकायत को अधिकारी घूमा रहे इधर-उधर


### कलेक्टर बालाघाट को भेजी जाने वाली शिकायत को भेज रहे नगरपालिका, तहसीलदार व एसडीएम को

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित हल के लिए सीएम हेल्प लाईन सुविधा प्रारंभ की थी। लेकिन वर्तमान समय में अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्प लाईन सुविधा में नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों का निपटारा बिना समस्या को हल किए ही किया जा रहा हैं। वैसे तो इसके कई उदाहरण बीते दिनों में मिलते रहे हैं। 17 दिसबर 24 को की गई हैं शिकायत लेकिन वर्तमान समय में एक मामला 16 अप्रैल 2025 को सामने आया हैं, जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा सीएम हेल्प लाईन में 17 दिसबर 2024 को एक शिकायत की गई थी, जिसमें उसके द्वारा तत्कालीन कलेक्टर बालाघाट डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा 14 जून 2024 को बालाघाट जिले की 371 प्लाटिंग व कालोनियों को अवैध घोषित करते हुए उसमें खरीदी बिक्री पर रोक लगाने की बात का उल्लेख करते हुए अवैध कालोनी व प्लाटिंग करने वाले कालोनाईजर व भूमालिकों पर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने की मॉग कलेक्टर बालाघाट से की गई थी। यह शिकायत सीएम हेल्प लाईन में शिकायत क्रमांक 30206486 में दर्ज की गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी यह मॉग/शिकायत पिछले 4 माह से लगातार वारासिवनी व बालाघाट के बीच नगरपालिका, तहसीलदार व एसडीएम के बीच ही घूमती रही। इस शिकायत के संबंध में जब इन विभागों के संबंधित अधिकारियों ने शिकायतकर्ता से मोबाईल पर संपर्क किया, तो शिकायतकर्ता द्वारा उन्हें स्पष्ट रुप से बताया गया कि चूँकि अवैध कालोनियों व प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का आदेश जारी करने का अधिकार कलेक्टर बालाघाट को हैं, इसीलिए शिकायत को कलेक्टर बालाघाट के समक्ष पेश किया जाये।

### अनुविभाग वारासिवनी के प्रतिवेदन पर शिकायत को निपटाने का प्रयास

शिकायतकर्ता के अनुसार सीएम हेल्प लाईन के संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट जानकारी देने के बावजूद भी उनके द्वारा शिकायत को कलेक्टर बालाघाट के समक्ष पेश नहीं किया गया और अनुविभाग वारासिवनी के कार्यालय में भेज दिया गया। जिस पर अनुविभाग वारासिवनी के कार्यालय से जानकारी भेजी गई कि अनुविभाग वारासिवनी से संबंधित प्रकरण दिनांक 25 मई 2024 को 09, दिनांक 31 मई 2024 को 42 एवं दिनांक 12 जुलाई 2024 को 14 इस प्रकार कुल 65 प्रकरण कार्यवाही हेतु कलेक्टर बालाघाट को प्रेषित किए गए हैं। तत्संबंध में कलेक्टर द्वारा भूखंड क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई। प्रकरणों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेश उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। शिकायत विलोपित किए जाने योग्य है। संबंधित अधिकारी के आनलाईन प्रविष्ठ किए गए प्रतिवेदन को मान्य किया जाता हैं।



### शिकायतकर्ता की असहमति के बाद एल 3 अधिकारी को भेजी शिकायत

अनुविभाग वारासिवनी द्वारा भेजे गए इस ऑनलाईन प्रविष्ठि के बाद सीएम हेल्प लाईन भोपाल से शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत के निराकरण से संतुष्ट होने की जानकारी ली गई, तो शिकायतकर्ता ने स्पष्ट रुप से कहा कि शिकायत का निराकरण नहीं किया गया हैं। जिसके बाद शिकायत को निराकरण के लिए एल 3 अधिकारी को भेजा गया हैं।

### अवैध घोषित प्लाटिंग व कालोनियों के कालोनाईजरों व भूमालिकों के खिलाफ कलेक्टर को करनी है एफआईआर

इस पूरे मामले में सबसे निराशाजनक बात यह हैं कि शिकायत में स्पष्ट लिखा हुआ हैं कि शिकायत कलेक्टर बालाघाट को भेजी जाये, क्योंकि अवैध घोषित प्लाटिंग व कालोनियों के कालोनाईजरों के खिलाफ कलेक्टर बालाघाट को ही पुलिस थाने में एफआईआर करवानी है। लेकिन उसके बावजूद भी शिकायत को कलेक्टर बालाघाट को नहीं भेजकर अधिकारियों द्वारा इधर उधर भेजा जा रहा हैं। जो एक विडंबना ही कही जायेगी।

### सीएम हेल्पलाईन के अधिकारियों की सूझबूझ सवालों के घेरे में?

यहीं नहीं यह प्रकरण बालाघाट जिले में सीएम हेल्प लाईन का कार्य देखने वाले अधिकारियों की सूझबूझ पर भी सवालिया निशान खड़े करता हैं कि जब शिकायत का निराकरण कलेक्टर बालाघाट को ही करना हैं, तो फिर शिकायत को इधर- उधर भेजकर शिकायत को लटकाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है? एल 3 लेबल अधिकारी कर पायेगे शिकायत का निराकरण? एक ओर तो कलेक्टर बालाघाट द्वारा सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों के निपटारे में प्रदेश में बालाघाट जिले को अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन उनके ही अधीनस्थ अधिकारी सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों को गंभीरता से लेने के स्थान पर नस्तीबद्ध करने में अधिक रुचि लेते हुए नजर आते हैं। अब देखना यह हैं कि इस मामले में एल 3 लेबल के अधिकारी जो भी हैं, वह इस शिकायत का निपटारा किस प्रकार करते है?

**खबर संक्षेप**

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जल संसाधन विभाग एवं नपा के अधिकारियों के साथ सुआखेडा का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ सुआखेडा वाटर प्लांट का जायजा लिया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी मे जल संकट को लेकर जल संसाधन विभाग के सीई अशोक डहेरिया एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सुआखेडा वाटर प्लांट का जायजा लिया। इस दौरान सीई अशोक डहेरिया ने कहा कि वर्तमान मे एल एन टी के इंटकवेल के माध्यम से एक दिन के अंतराल मे पेयजल की आपूर्ति की जाएगी और माचागोरा डेम से सुआखेडा पानी लाने के लिए तकनीकी तैयारियां प्रारंभ है एक सप्ताह बाद डेम से पानी प्राप्त हो जाएगा जिससे आगामी माहो मे पेयजल की समस्या नही होगी।

# मुख्यमंत्री ने नवविवाहितों को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ

**हरिभूमि न्यूज मण्डला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माँ नर्मदा नदी का क्षेत्र प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा हुआ है। नर्मदा नदी के जल से महाकौशल, मालवा और गुजरात का क्षेत्र सिंचित होता है। मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व के पहले नदी जोड़ों अभियान के अंतर्गत केन बेतवा नदी, लिंक परियोजना प्रांरभ की गई जिससे बुंदेलखण्ड की धरती हरी-भरी हो गई है। पानी के आभाव में होने वाले पलायन को रोकने के लिए नदी जोड़ो अभियान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी जोड़ो अभियान के तहत राजस्थान और मध्यप्रदेश के जिले सिंचित होंगे। प्रदेश में किसानों के विकास के लिए नया सवेरा आएगा और खेतों में फसलों की हरियाली लहराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को ग्राम पंचायत टिकरवारा में 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1552.38 करोड़ रूपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 56.68 लाख हितग्राहियों को 340 करोड़ रूपए, 25 लाख बहनों को सिलेंडर रिफलिंग राशि, 57 करोड़ रूपए अंतरित तथा मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्पवर्षा कर नव विवाहित वर-वधुओं को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह गोंड़वाना की धरती वीरों की धरती रही है। यहां रानी दुर्गावती, राजा शंकरशाह, रघुनाथशाह, रानी अवंती बाई की वीरगाथाएं प्रचलित है। रानी दुर्गावती ने अपने राज्य में जल संचय का अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने जल संचय के लिए असंख्य ताल-तलैयों का निर्माण किया। जननायक भगवान बिरसामुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हर महीने बहनों के खातों में 1250 रूपए की राशि अंतरित कर रही है। बहनों के खातों में जब यह पैसा आता है तो वह उसका सदुपयोग करती है, इससे वह आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम हो रही हैं। इसी प्रकार से एलपीजी की 25 लाख बहनों को 57 करोड़ रूपए की राशि सब्सिडी दी गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान बनाए जाएंगे। जिन हितग्राहियों के नाम छूट गए हैं उनके नाम जोड़ने के लिए पुनः सर्वे कराया जायेगा और उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जायेगी। किसानों को उन्नत और समृद्ध बनाने के लिए बिजली कनेक्शन से लेकर सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। किसानों को सोलर पंप के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। किसानों के खेतों में सोलर पंप से सिचाई होने पर बिजली बिल के झंझट से उन्हें मुक्ति मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि सोलर पंप से अधिक बिजली उत्पादन होने पर सरकार किसानों से बिजली खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौपालकों की हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि 25 गाय पालने वाले गौपालकों को 25 प्रतिशत की राशि प्रदान की जायेगी। गौपालकों का दूध सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदा जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में विवाह एक प्रमुख संस्कार है। विवाह संस्कार के माध्यम से वर-वधु नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मंडला जिले में 1100 से अधिक वर-वधु दाम्पत्य जीवन में बंध रहे हैं। उनके विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक सहित हजारों नागरिक शामिल होकर साक्षी बने हैं। इस योजना के तहत प्रति जोड़े के लिए 55 हजार रूपए प्रदान किए जाते हैं।

# इधर, पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर ने किया आदेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, सिवनी (म.प्र.) क्रमांक / 2805 / एस.डब्ल्यू / 2025 आदेश सिवनी, दिनांक 15 अप्रैल, 2025(अंतर्गत धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023)जनसामान्य एवं विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन को यह संज्ञान में आया है कि जिला में स्थानीय तौर पर जल आपूर्ति / जल की कमी होने के कारण जल संकट उत्पन्न हो गया है जिसके निवारण किया जाना आवश्यक समझती हूँ। उपरोक्तानुसार दृष्टिगत को रखते हुए पालन किया जाना नितान्त आवश्यक हो गया है। अतः मैं संस्कृति जैन, जिला दण्डाधिकारी जिला सिवनी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त किये गये अधिकार को प्रयोग में लाते हुए नगर पालिका सिवनी एवं मास्टर प्लान क्षेत्र (ग्राम-बीजांवाडा (रैयत), मानेगांव, बिठली, पलारी, छिडिया, डोरली छतरपुर, बोरदेही, खैरी, सिमरिया, मरझोर, बम्होडी, लखनवाड़ा, कोनियापार, परतापुर, लोनिया, लुघरवाडा,) उपरोक्त कंडिका 01 से 05 तक इन क्षेत्रों में लागू होगें। 1- जल संकट की आपात कालीन परिस्थितियों में किसी भी प्रकार के सार्वजनिक एवं निजी जल स्त्रोतों का बिना सूचना दिए सार्वजनिक हित में अधिग्रहित किया जा सकेगा। 2- जल स्त्रोंतो का उपयोग सार्वजनिक हित में दैनिक जीवन के कार्यों एवं पेयजल के अतिरिक्त उपयोग नही किया जा सकेगा। 3- जल स्त्रोंतो का उपयोग किसी सिंचाई कार्यों हेतु नही किया जावेगा। किए जाने पर संबंधित पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जावेगा।

4- जल संकट की स्थिति में समस्त प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए जल स्त्रोंतो का उपयोग बिना अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जिला सिवनी की अनुमति के बिना किये जाने पर आगामी 15 दिवस तक प्रतिबंध लगाया जाता है। 5- वर्तमान पेयजल संकट को देखते हुए निजी एवं सार्वजनिक बोर, तालाब, कुआं, बावली जिसका पानी दैनिक उपयोग योग्य हो सार्वजनिक हितो के संरक्षण हेतु किसी भी समय जनता के उपयोग हेतु अधिगृहित किया जा सकेगा एवं जनसामान्य के उपयोग हेतु जल आपूर्ति की जावेगी। चूंकि यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित है तथा वर्तमान परिस्थितियों में सूचना की तामीली सम्यक समय में प्रत्येक संबंधित व्यक्ति की व्यक्तिशः सुनवाई किया जाना संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से सिवनी जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रभावशील होगा तथा आदेश का उल्लंघन करने पर भा.न्या.सं. की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डित किया जाएगा।



# ड्राइवर खाना खाने गया, कंटेनर में लगी आग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में मड़ई टोला प्लाजा और गणेशगंज के बीच एक ढाबे के पास खड़े कंटेनर में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और लखनादौन पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक कंटेनर में रखी सभी कारें जल चुकी थीं। कंटेनर (नंबर NL01AA 9566) में 4 ओमनी कारें लदी हुई थीं। ड्राइवर नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में वह एक ढाबे पर खाना खाने गया था। इसी दौरान कंटेनर में आग लग गई और धुआं निकलने लगा। लखनादौन थाना प्रभारी के. पी. धुर्वे ने बताया कि घटनास्थल पर आमतौर पर वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। अगर चलते वाहन में आग लगती या समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# सिवनी पुलिस ने 56 वाहन चालकों के काटे चालान, 15,500 रुपए का वसूला जुर्माना



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में चला चेकिंग अभियान सिवनी कोतवाली पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रात में छिंदवाड़ा रोड बायपास ब्रिज के पास और शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी सुबह जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी बाइक और बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। कुल 50 वाहनों से 15,500 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड बुलेट और तेज साइलेंसर वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की। कई वाहन चालक पुलिस को देखकर दूसरे रास्तों से निकल गए। नेहरू रोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सड़कों पर लगे ठेले-ठिलियों को भी हटाया गया। कोतवाली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहिया वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाएं और तीन सवारी न बैठें।

# ग्राम बेलगांव में मोगली बाल उद्यान एवं वाचनालय का किया गया आरम्भ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को पेंच टाइगर रिज़र्व के परिक्षेत्र रुखड़ बफर अंतर्गत ग्राम बेलगांव में मोगली बाल उद्यान एवं वाचनालय का आरम्भ किया गया। कार्यक्रम में बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, कुरई जनपद अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले, जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले, अनिल सहारे, रवि ऐडे, निरंजन बिसेन, आसाराम राणा, राधेश्याम बिसेन, मयंक तिवारी, सरिता राहंगडाले, अंबिका भलावी, डीमॉक चंद, कृष्ण कुमार, सेवाकराम, अशोक, आकाश बागड़े, पेंच टाईगर रिजर्व के एसडीओ आशीष पांडे, एसडीओ, नरेश चौरसिया,विजय राहंगडाले, नीलकंठ तिवारी,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों, रूखड़ बफर परिक्षेत्र के कर्मचारी एवं ईको विकास समिति बेलगांव के सदस्य उपस्थित रही। मोगली बाल उद्यान की देखरेख की बाग-डोर, बेलगांव ग्राम के फ्रेंड्स ऑफ मोगली टीम का गठन। फ्रेंड्स ऑफ मोगली टीम को सौंपी गई। विश्व वानिकी दिवस की थीम फॉरेस्ट एवं फूड के प्रदर्शन के लिए ग्राम वासियों द्वारा वनों से प्राप्त होने वाले वन उत्पाद जैसे महुआ, तेंदू, हर्रा, आंवला, शहतूत, रामफल, बेल आदि का संग्रहण करए बाल उद्यान में प्रदर्शित किया गया। लोगों को जंगल के महत्व एवं जंगल से मिलने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई।

### ग्राम पंचायत देवरीटीका में सार्वजनिक प्याऊ का किया गया शुभारंभ

सिवनी जिले के विकासखंड धनौरा में मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर संस्कृति जैन व शासन के निर्देशानुसार ओमकार सिंह ठाकुर सीईओ धनोरा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत देवरीटीका में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,आजीविका मिशन,हाई स्कूल,आगनवाडी व ग्रामवासियों की सहभागिता से जल गंगा संर्वधन जनजागरूकता संगोष्ठी,जल कलश यात्रा आयोजित की गई जहां महापुरूषों व भारत माता का पूजन किया गया।ग्राम पंचायत सचिव के.के. साहू द्वारा ग्रामवासियों को पानी के महत्व को बताते हुए जल बचाने के लिए चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। श्याम उईके विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने उपस्थितजनों के बीच जल संरक्षण के लिए बात रखी गई जिसके तहत जल का दुरुपयोग ना करते हुए सदुपयोग करने की बात रखी गई तथा जल को भूमिगत करने के लिए आह्वान किया गया,पानी का कैसे बचाव करें

# उषांकर चैरिटेबल ट्रस्ट ने विद्यार्थीयों को बांटी पठन सामग्री

## संत रविदास भवन छपारा में निःशुल्क कोचिंग का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज छपारा।**

नगर परिषद छपारा जिला सिवनी के आंबेडकर वार्ड स्थित संत रविदास भवन छपारा में 15/04/25 को उषाशंकर चैरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के तृतीय वार्षिक उत्सव के स्थापना दिवस के अवसर पर पाक्षिक कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत छपारा जिला सिवनी में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के पढने बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया गया ।

कार्यक्रम का आयोजन कैम्प छपारा प्रभारी जयंत बघेल द्वारा स्थानीय स्तर पर एडवोकेट लक्ष्मण अहिरवार के सहयोग से रविदास भवन में संचालिका स्वाती सुपलभक्त, आर्यव बौद्ध, द्वारा बच्चों के हित में किया गया कार्यक्रम में उपस्थित समस्त 40 विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, क्लिप बोर्ड , चटाइयां, खाने के लिए केले एवं कोचिंग संचालिका को ब्लेक बोर्ड, डस्टर , चौक , ग्राम कालांन काल में इंग्लिश लर्निंग हेतु इंग्लिश लर्निंग बुक दिया गया ।



छपारा स्थित संत रविदास भवन मे प्रात 7: 30 बजे कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क कोचिंग प्रदाय की जा रही है। जो भी इच्छुक परिवार अपने बच्चों को कोचिंग भेजना चाहते हैं वह सुबह कोचिंग समय पर संपर्क कर सकते हैं ट्रस्ट परिवार जयंत बघेल जी , एडवोकेट लक्ष्मण अहिरवार , कोचिंग संचालिका स्वाती सुपलभक्त, आर्यव बौद्ध एवं समस्त विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संत श्री गाडगे धर्मशाला का लोकार्पण आज

## रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश डालिया की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले की जीवन दायिनी बैनगंगा नदी के पावन तट ग्राम लखनवाडा में संत श्री गाडगे धर्मशाला एंव दो मंजिल भवन का निर्माण समाज एवं विधायक सिवनी के सहयोग से कराया गया है। जिसका लोकार्पण कार्यकम दिनांक 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 1 बजे होना सुनिश्चित किया गया है।

कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय मुनमुन, रजक कल्याण बोर्ड भोपाल मध्यप्रदेश से अध्यक्ष महेश डालिया एवं विशेष अतिथि के रूप में बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमति भारती पारथी, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सिवनी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, राजा बघेल प्रदेश महासचिव एवं श्रीमति राधा बाई बघेल संरपच लखनवाडा एवं पड़ोसी जिले के स्वजतीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में विगत वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 75% से अधिक अंक अर्जित करने वाली छात्राओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जायेगा इस हेतु 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को अपने प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आयोजक मण्डल अखिल महासंघ के पदाधिकारियों के पास उपलब्ध कराने की अपील की है। रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश डालिया अपने सिवनी आगमन पर समाज के कल्याण के विषय में विस्तृत चर्चा करेंगे।

रजक समाज के रामस्वरूप रजक (अध्यक्ष) अ.भा. धोबी रजक महासंघ, पतिराम रजक (सचिव एवं कोषाध्यक्ष) अ.भा.धोबी महासंघ,पतिराम रजक, अलकेश रजक, महेश मालवी, रामप्रसाद निर्मलकर, अशोक रजक, मुकेश मालवी अधिवक्ता, चन्द्रशेखर श्रीवास्त्री, सुभाष जागड़े, दीपक वास्त्री, सुखनंदन रजक, सुरेन्द्र शेरू माल्या, सोनू सहारे, गुरू रजक, अशोक रजक, तरूण रजक अधिवक्ता, श्रीमति माया देवी रजक, श्रीमति राम बाई रजक, डॉ. वन्दना रजक, ज्योति मालवी, श्रीमति विध्या माल्या, श्रीमति संध्या श्रीवास्त्री केशूराम रजक, महेश रजक एवं समस्त रजक समाज सिवनी ने उक्त सामाजिक कार्यक्रम में स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।




## गूंज संस्था द्वारा डॉक्टर हर्षा रायजी के अगुवाई में ग्रामीण महिलाओ के साथ चर्चासत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मातृत्व दिवस पर गूंज संस्था ने ग्राम बाड़ीवाड़ा में किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा सत्र का आयोजन किया। जिसमें स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टर हर्षा राय जी ने महिलाओं को गर्भाशय और स्तन कैंसर तथा महावारी के दौरान स्वच्छता पर आख्यान दिया और महिलाओं से संबंधित समस्या का निराकरण किया। ज्ञात हो की गूंज संस्था द्वारा ग्राम बाड़ीवाड़ा में किशोरीयों और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय आयोजन किये जाते हैं। और हर माह जरूरतमंद किशोरियों को इकोफ्रेंडली सेनेटरी नैपकिन दिये जाते है। साथ ही शिक्षा और रोजगार के लिए महिलाओ को प्रेरित करने के साथ ही इस विषय पर कार्य किए जाते है। ग्राम की लता उइके ,तमन्ना मेश्राम,ज्योति ,रोशनी खूशबू यादव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का भरपूर सहयोग रहा ।

# व्यवस्था नहीं सुधरी तो केवलारी में जलसंकट का आना तय,एक पखवारा तक पूर्ति होने की संभावना फिर मचेगा हाहाकार

**नगर परिषद निर्वाचन के लगभग तीन साल पूरे होने को है, परंतु लचर प्रशासनिक व्यवस्था और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की नूरा-कुश्ती के चलते व्यवस्थाए पूरी तरह से तहस-नहस हो चली है,जिसका नुकसान केवलारी समेत आस-पास के जुड़े हुए वार्डवासियों को उठाना पड़ रहा है,गत दिनों शांति समिति की बैठक के दौरान जलसंकट को लेकर पुख्ता कार्य-योजना बनाए जाने पर विचार रखा गया था**

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**



जिस पर परिषद को इस और विशेष चिंतन एवं आवश्यक कार्य योजना बनाने की बात कही गई थी, परंतु हर बार की भांति परिषद का ढुलमुल एंव गैर जिम्मेदाराना रवैया आने वाले समय में आमजन मानस पर भारी पड़ना तय लग रहा है।इंटक बेल केवलारी- के पास बेनगंगा का बहाव पुरी तरह बंद हो गया बेनगंगा का इनकमिंग वाटर स्थायी रुप ले लिया है आज दिनांक 16 अप्रैल को हमारे संवाददता ने इंटक बेल का दौरा कर आने बाले पेयजल संकट को बहुत नजदीक से देखा है ।महेश अग्रवाल एसडीएम को वास्तविकता से अवगत कराया ।इंटक बेल मे पानी की जगह पत्थर दिखने लगे है।दिनों दिनों जल स्तर गंगा का नीचे जा रहा है।

### खेतों में चल रहे मोटर पंप से घटा जल स्तर

रवि सीजन की प्रमुख फसल गेंहू है ,गैंहू की उपज के मामले में केवलारी- क्षेत्र को पंजाब की उपमा दी गयी है।लेकिन क्षेत्र मे किसानों ने लम्बी उपज का फायदा देखकर मक्के की खेती पुरे रकबे का 40प्रतिशत के लगभग बोनी कर बीते तीन महीने से रेग्युलर पानी को मोटर पम्पो से देकर क्षेत्र के नदी नाले ओर बेनगंगा नदी को सुखो दिया है। जिसका परिणाम ये सामने आया है,पानी की त्राहि त्राहि मच गयी।खेतों में लगातार चल रहे मोटर पंप से जलस्तर लगभग दस फीट नीचे खिसक गया है।मार्च में कलेक्टर सिवनी के दिये आदेश में स्पष्टता थी कि सार्वजनिक ओर निजी जल स्त्रोतों को संरक्षित कर वे वजह पानी की उपयोगिता पर पावंदी का कठोरता से पालन हो लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने आज तक वह आदेश का पालन प्रशासन को नही करने दिया।

## देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान कितना बदल गया इंसान

# सत्य अहिंसा शांति एवं करूणा के प्रहरी कहे जाने वाले जैन साधुओं पर बरसाए गए डंडे, लात और घूँसे - घटना से क्षुब्ध सिवनी जैन समाज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूरे विश्व को भगवान ऋषभ देव से लेकर भगवान महावीर तक 24 तीर्थंकरों के सत्य अहिंसा शांति एवं करूणा के सूत्रों से जन जन को संदेश देने वाले जैन धर्म के साधु वृंदो के साथ विगत दिनों हुई अमानवीयता अति निंदनीय है। उक्त विचार भाजपा के पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने व्यक्त किए। जैन श्वेतांबर श्री संघ सिवनी की ओर से संजय मालू ने कहा कि चलते फिरते धरती के देवता हमारे जैन धर्म के प्राण पूज्य मुनि श्री शैलेंद्र जी महाराज साब ससंघ नीमच जिले में पद बिहार रत थे। रात्रि विश्राम के दौरान उनके साथ हुई अमानवीयता समझ से परे है जबकि करूणा एवं अहिंसा धर्म के आदर्श जैन संत एक चींटी की भी रक्षा के भाव ले चार हाथ आगे की भूमि का अवलोकन कर चलते है। तारण तरण जैन समाज की ओर से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुजीत जैन ने इसे गुरू वादी संस्कृति को मानने वाली गुरू भक्त समाज के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म के प्राण साधु संत गुरू भगवंत ही होते है। श्री धरम चंद जी भूरा ने विगत दिवस हुए धर्म गुरुओं के साथ हुए अन्याय पूर्ण अशोभनीय कुकृत्यों से जैन समाज क्षुब्धता जाहिर की। जबकि हिमांशु कौशल ने दोषियों को कठोरतम दंड देकर मानवीयता के दुश्मनों को सबक सिखाने की मांग की। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल ने उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि पूर्व में भी अनेको बार हमारे साधु साध्वी धर्म गुरुओं पर अनेक आपदाएं आई मुनियों की हत्या जैसे नृशंसता भरे अपराध भी सामने आए गुरूओ की सुरक्षा हेतु शासन प्रशासन से न्याय अपेक्षित है ।सिवनी दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष पवन दिवाकर ने कहा कि

जैन संतों पर हुए जान लेवा हमलों के विरुद्ध जैन समाज सहित समग्र गुरू परायण जन समुदाय क्षुब्ध व व्यथित है। सकल जैन समाज की और से अनिल नायक, अभय कुमार जैन, जय कुमार एड. अभय जैन एड. नरेंद्र गोयल, यशोधर दिवाकर,पंडित संतोष जैन, प्रवीण मालू,अनिल नाहटा,प्रदीप सेठ,अतुल मालू, सुरेंद्र जैन,मिलन बाझल,प्रसन्न मालू,प्रभात सेठ,पीयूष जैन,आनंद जैन,सुनील नाहर, वचन नाहटा,संजय नायक,प्रशांत जैन,सुनील सेठ, विपनेश जैन, अभय जैन करेली,अजित जैन जापानी,मनोज बाझल, पंकज जैन एड.प्रफुल्ल बंटी,आलोक जैन, संजय लोढ़ा,सुनील मालू,सुजीत नाहटा, वचन नाहटा,डॉ. अपूर्व जैन, पारस जैन,जिनेश बागड़,सुशील कौशल,शेलेंद्र चौधरी, विशाल बाझल,सचिन जैन,नीरज फ्रीजो,अतुल दिवाकर,चंदन जैन, दीपक पान,मोनी बाझल आदि ने उक्त घटना की भर्त्सना करते हुए शासन प्रशासन से जैन मुनि संघों के पद बिहार में विशेष प्रबंधन हेतु आवाज उठाई है उक्त घटना क्रम में पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से शीघ्र हुई मुजरिमों की गिरफ्तारी हेतु उनकी कर्तव्यों के प्रति निष्ठा,श्रम एवं ईमानदारी की भूरि भूरि प्रशंसा की है। यह अमानवीयता विगत 13 14 तारीख की दरमियानी रात मध्यप्रदेश के नीमच जिले से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि सिंगोली से नीमच की और पद बिहाररत जैन श्वेतांबर संघ के तीन मुनि गण क्रमशः पूज्य शैलेंद्र मुनि जी, बलभद्र मुनि जी एवं मुनीन्द्र मुनि जी सूर्यास्त के पश्चात मार्ग में कछाला ग्राम में रात्रि विश्राम हेतु गांव में ही स्थापित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में ठहर गए। रात्रि 12 बजे 6 असामाजिक तत्व बाइक पर सवार होकर वहां आए पहले उन्होंने वहां शराब का सेवन किया फिर नशे में धुत्त हो कर उन्होंने वहां शयन करते जैन साधुओं को नींद से जगाकर रूपए पैसों की बलात मांग की चूंकि जैन मुनि अपने पास रुपया पैसा नही रखते तो उन्होंने उन लोगो को शांति से मना कर दिया।

### कड़ी धूप में सड़क पर धरने पर किसान बोले- भीमगढ़ से नहरों में भेजो पानी

## सिंचाई के लिये पानी की मांग पर किसानों ने समनापुर में किया चकाजाम प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

अप्रैल महीना का दूसरा सप्ताह चल रहा है और अभी मई माह में सूरज की तपीश झेलनी बाकी है, इसी बीच बालाघाट जिला भी जल अभावग्रस्त घोषित हो चुका है, चहुंओर जलसंकट के आसार दिखाई पड़ रहे है जहां एक ओर वैनगंगा नदी के जलस्तर में गिरावट हो रही है जो पेयजल की आपूर्ति के लिये चिंता का सबब बनी हुई है वहीं किसानों को सिंचाई के लिये पानी के अभाव में खेतों में खड़ी फसल सूखते हुए देखने को मजबूर होना पड़ रहा है। यही वजह है कि किसानों के सब्र का बांध टूटता जा रहा है बीते दिनों वारासिवनी क्षेत्र के किसानों से चकाजाम आंदोलन कर नहरों में पानी भेजने को लेकर प्रदर्शन किया था वहीं अब बालाघाट.नैनपुर मार्ग पर समनापुर ग्राम में किसानों ने सड़क पर चकाजाम करते हुए पानी के लिये अपनी आवाज बुलंद की।

### मार्ग में टायर जलाकर किसानों ने जताया विरोध

कड़ी धूप में किसान सड़क पर धरने पर बैठ गये और नेताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों से आश्वासन देते हुए पानी मुहैया कराने की मांग करते रहे। किसानों की नाराजगी जलसंसाधन विभाग पर थी जिसमें उनका कहना आया कि मई महीने तक पानी दिये जाने की बात विभाग द्वारा कही गई थी इसलिए रबी की फसल लगाई थी लेकिन पानी के नाम पर नहरों में सूखा है और फसलें बर्बाद होने की कगार पर है। बुधवार को बालाघाट.नैनपुर राजमार्ग के समनापुर में किसानों ने, फसलों की सिंचाई देने की मांग को लेकर चक्काजाम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ किया गया जो लगभग 3 घंटे तक चला रास्ते में टायर जलाकर किसानों ने उग्र प्रदर्शन किया और खेतों में खड़ी फसलों की सूखी अवस्था प्रशासन को बताने का प्रयास किया। सड़क पर ही किसान बैठ गये और पानी दिये जाने की मांग को लेकर नारेबाजी चलती है। अधिकारियों की

### समझाईश पर माने किसान

खेतो में लगी फसल की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से किसान, आक्रोशित हो उठे उसका कहना आया कि जब तक, नहरो में सिंचाई के पानी नहीं छोड़ा जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने शासन, प्रशासन से यहां तक कह दिया कि हमारी सुध ली जाये क्योंकि हमने कर्ज लेकर फसलों की रोपाई की है और अब नहरों में पानी नहीं पहुंच रहा है सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं है इसलिए खेतों में खड़ी फसल को सूखी देखना हमसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है। किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए समनापुर में मौके पर पहुंचकर एसडीएम गोपाल सोनी, थाना प्रभारी नवेगांव सहित जलसंसाधन विभाग के अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा था जिन्होंने आंदोलित किसानों को समझाईश दी और सड़क से जलते हुए टायरों को हटाकर मार्ग को सुचारू किया गया इसके उपरांत सड़क किनारे होकर भी किसानों ने प्रदर्शन जारी रखा।

### सूखी फसल देखकर आ रहे है आंसू

समाजसेवी मुकेश माहुले ने कहा कि अन्नदाता किसानों को खेतों की फसल को पकाने के लिये चकाजाम करना पड़ रहा है, कड़ी धूप में बैठकर आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव में बड़े.बड़े वादे करते है, बिजली, पानी भरपूर दिया जायेगा कहते है लेकिन सरकार बनने के बाद अपने वादों को भूल जाते है। किसानों के हित में झूटा वादा किया जाता है, किसानों को समर्थन मूल्य बढ़ाने के सपने दिखाये गये लेकिन अब अपनी खेतों की खड़ी फसलों को किसान पानी के अभाव में सूखते हुए देखकर आंखों में आंसू लाने पर मजबूर है। हजारों हेक्टेयर फसल पानी के अभाव में प्रभावितज्ञात हो कि दुगलाई ओरम्हा टेकाड़ी, ठाकुरटोला, मगरदर्श, केवाटोला, दुमड़ीटोला, टिटवा चाचेरी, रोशना, नेवरगांव, सिटकुटोला आमगांव, घोंगाटोला, विश्रामपुर, पंचेरा कबडिय़ाटोला, धापेवाड़ा, कुम्हारी, जरेरा, आगरवाड़ा, पायली, घनसुआ, टेकाड़ी.सुरवाही टवेझरी आदि गांवों के किसान सिंचाई के लिए जलापूर्ति न होने से मानसिक रूप से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि इन गांवों में करीब 12 हजार एकड़ क्षेत्रफल में धान की फसल लगी है, जो अभी गर्भावस्था में है। ऐसी परिस्थिति में फसल को पानी की तत्काल आवश्यकता है। बता दें कि जिले में इस रबी सीजन सर्वाधिक 4600 हेक्टेयर में धान की फसल लगी है, जिसके कारण सभी क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता कराना प्रशासन और बांध परियोजनाओं के लिए भी चुनौती बन चुका है।

### 5 दिनों तक पानी देने की मांग-शंकरलाल बिसेन

चर्चा के दौरान बालाघाट जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन ने बताया कि समनापुर में किसानों ने चकाजाम किया है उनके खेत में धान की फसल लगाई है जल संसाधन विभाग ने आश्वासन दिया था तब हमने बुआई की थी अब फसल पककर तैयार है 5 दिनों तक किसानों को पानी मिलेगा तो फसल का नुकसान नहीं होगा। जब तक जिम्मेदार अधिकारी पानी देने की मांग पर भरोसा नहीं दिलाते है तब तक आंदोलन करते रहेंगे। नहरों में पानी भेजकर पहुंचाये लाभ-धनराजधनराज दशहरे समनापुर जल उपभोक्ता संथा अध्यक्ष ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा हामी भरी गई थी तो किसानों गेहूं, चना और लखोड़ी लगाया था लेकिन रबी में धान की प्रमुखता से फसल लगाई थी कर्ज लेकर अपनी पूंजी लगाकर किसानों ने फसल लगाई है और सूखने से किसान बर्बाद हो जायेगा। सभी किसानों की मांग है कि माचागोरा जलाशय से भीमगढ़ संजय सरोवर जलाशय में पानी भेजकर नहरों में पानी दिया जाये ताकि किसानों की फसल को लाभ मिल सके।



## जल दो या जेल दो, गांव में नलजल योजना शुरू करवाने उपसरपंच भूख हड़ताल पर



### जांच करने पीएचई का अमला पहुंचा गांव, एसडीओ ने कहा ठेकेदार की लापरवाही, दो दिनो में शुरू होगी योजना

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।**

जिले के लांजी जनपद अंतर्गत ग्रामे पंचायत बिसोनी में चार साल से नलजल योजना के तहत पानी की टंकी बनी है, पाईप लाईन बिछा दिए जाने बाद भी इसे शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को घर से दूर, हेंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। ग्राम के पेयजल संकट के कारण, ग्रामीणों को हो रही परेशानी और ग्राम में नलजल योजना शुरू करने को लेकर उपसरपंच पवन कश्यप, विगत 15 अप्रैल की शाम से भुख हड़ताल पर बैठे है। जिनका 16 अप्रैल को स्वास्थ्य खराब होने पर लांजी स्वास्थ्य केन्द्र से बीएमओ अक्षय उपराडे टीम के साथ गांव पहुंचे और जांच की। जिसमें उपसरपंच का बीपी लो पाया गया। ग्राम में नलजल योजना शुरू करने की मांग को लेकर उपसरपंच के भुख हड़ताल पर बैठने के बाद पीएचई का अमला भी सक्रिय दिखाई दिया। उपसरपंच पवन कश्यप का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर जल पहुंचाने की मंशा से नलजल योजना शुरू की थी लेकिन वह अधिकारियों और ठेकेदारो की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। उन्होंने बताया कि पंचायत बिसोनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम दखनीटोला आवास में पिछले 4 वर्षों से नल-जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है, परंतु आज दिनांक तक ग्रामीणों के घर तक जल पहुंचाने का काम नहीं किया गया है। जिसके कारण जल दो या जेल दो की मांग लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे है। जब तक ग्रामीणों के घर में जल नहीं पहुंचेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। एसडीओ रविन्द्र कुमार हट्टेवार ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण, योजना गांव में शुरू नहीं हो सकी है। जिसे ब्लैक लिस्टेट करने के साथ ही उसका टेंडर निरस्त कर, शासन की राशि की वसुली की जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव में दो दिनों के भीतर, ग्रामीणों के घरो में पानी पहुंचा दिया जाएगा। जिसके लिए काम शुरू कर दिया गया है।

### ग्राम पंचायत अमोली मे भ्रष्टाचार का नया कारनामा..

## पंचायत की बैठक लिए बिना अनाधिकृत रूप से सरपंच सचिव द्वारा राशि का किया गया आहरण..



**हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा ।**

नगर से लगी ग्राम पंचायत अमोली एक बार सुर्खियां बटोर रही है ताजा मामला अमोली सरपंच और सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की बगैर बैठक लिए राशि का आहरण किया गया है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के पंचों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालबर्रा से की है पंचों ने अपने शिकायत पत्र में यह उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत अमोली के 20 पंचों द्वारा सरपंच किशोर पडवार क़ो 4 मार्च 2025 को अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटा दिया गया था एवं सरपंच हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग से श्रीमती सुकवन समनपुरे को कार्यवाहक सरपंच मनोनयन किया गया था। नवनियुक्त कार्यवाहक सरपंच श्रीमती सुकवन समनपूरे द्वारा बिना ग्राम पंचायत की बैठक बुलाए एवं निर्वाचित सरपंच किशोर पडवार ने प्रभार की जानकारी दिए बिना अनाधिकृत रूप से वित्तीय आहरण कर रही है जोकि मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत राज्य अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध है चुंकि नव मनोनीत कार्यवाहक सरपंच सुकवन समनपूरे को भले ही जानकारी नहीं है किंतु सचिव और सहायक सचिव सारी जानकारियां रहती है अमोली सचिव और सहायक सचिव द्वारा बिना पंचायत की बैठक लिए वित्तीय आहरण कर घोर अनिमिताए की जा रही है कार्यवाही की मांग शिकायतकर्ताओं ने की हैं ।

### क्या कहते जिम्मेदार..

जब उक्त गंभीर मामले से अमोली सचिव राजेश मेश्राम से चर्चा की गई तो उन्होंने मीडिया को बताया कि हमारे द्वारा राशि का आहरण किया गया है जिसमें नलचालक, चपरासी मानदेय, नौ लोगों की अंत्येष्टि सहायता राशि व अन्य लोगों को नियम अनुसार भुगतान किया है और ग्राम पंचायत की बैठक लेकर पूरा हिसाब भी बता देंगे

### इनका कहना.

ग्राम पंचायत अमोली की शिकायत प्राप्त हुई है,मामला जांच का विषय है जांच दल गठित कर जांच कराई जाएगी।


**खिलेंद्र सोनवंशी**
**खंड पंचायत अधिकारी**
**जनपद पंचायत लालबर्रा**

## 200 एकड़ में कृषि भूमि को नहीं मिल रहा सिंचाई के लिए पानी

### सिवनहेटी में माइनर के गेट को अज्ञात लोगों ने किया बंद

**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी ।**

दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध की छटवा नंबर माइनर (नहर) के गेट को अज्ञात लोगों ने पत्थरों से बंद कर दिया है. जिससे तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरपड़यि के सिवनहेटी और चाकाहेटी गांव में किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है और इन गांवों की कृषि भूमि बंजर हो रही है. किसान खेती-किसानी छोड़कर सहपरिवार मजदूरी करने के लिए महानगरों की ओर पलायन कर रहे है. सिवनहेटी, हीरापुर के ग्रामीणों और किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 200 एकड़ की भूमि बंजर हो रही है. इन गांवों के अधिकांश किसान खरीफ की फसल लगाने के बाद जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहे है. रबी की फसल की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने की वजह से किसानों ने रबी की फसल लगाना बंद कर दिया है और वह अपने परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए महानगरों की तरफ पलायन कर रहे है. ग्रामीण अनूप साकरे ने बताया कि नहर के बंद होने की शिकायत विभाग से की गई थी. विभाग के अधिकारियों ने फंड के अभाव में गेट की मरम्मत कराने से इंकार कर दिया. ऐसे में किसानों ने विभाग से एनओसी लेकर खरपड़यि पंचायत में आवेदन कर गेट की मरम्मत करने का निवेदन किया लेकिन पंचायत ने भी साफ कर दिया कि इस नहर से खरपड़यि और चाकाहेटी पंचायत के किसानों को पानी मिलता है. खरपड़यि पंचायत ही इस कार्य के लिए व्यय नहीं करेगी.



### सांसद-विधायक को भी बताई समस्या

किसानों ने बताया गेट से पानी नहीं मिलने पर विधायक, सांसद और कलेक्टर को आवेदन सौंपा गया और मरम्मत कराने की मांग की गई. क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के भी संज्ञान में इस विषय को लाया गया था. उन्होंने भरोसा दिया था कि वह मौका स्थल पर आकर देखेंगे लेकिन अब तक विधायक ने वस्तुस्थिति नहीं देखी है. जबकि गत दिवस विधायक सिवनहेटी में पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया.

### खेती-किसानी छोड़कर पलायन करने को मजबूर ग्रामीण

सिवनहेटी के ग्रामीण बताते है कि किसानों के पास काम नहीं होने के कारण वह पूरे परिवार के साथ महानगरों की ओर पलायन करते है. इससे उनके परिवार को तो पालन-पोषण हो रहा है और वह कुछ पैसा भी कमा रहे है किंतु गांव छोड़कर पलायन करने से उनके बच्चों की पढ़ाई छूट रही है. ग्रामीणों की माने तो बरसात के समय किसान अपने गांव लौटते है खेती किसानी करते है और फिर वापस पलायन करते है. अगर, नहर से खेतों की सिंचाई के लिए पानी मिले तो किसान गर्मी में भी रबी की फसल लगाएगा और पलायन कम होगा. किसानों के बच्चे पढ़ाई कर पाएगें.

### 2 वर्ष से नहीं मिल रहा पानी

सिवनहेटी के ग्रामीण अशोक सेन्द्रे ने बताया कि दो वर्ष से नहर से पानी नहीं मिल रहा है. खेतों की सिंचाई के लिए पानी मिलता था तो किसान गांव में ही रहकर खेती-किसानी करता था. उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की अधिकारी गेट की मरम्मत कराने की बजाए शिकायत उठाने के लिए दबाव बना रहे है. लालचंद नेवारे बताते है कि रबी की फसल लगाने के लिए शुरुआत में तो पानी की दिक्कत नहीं होती लेकिन जब फसल पककर तैयार होती है तब अंतिम क्षणों में पानी की बहुत जरूरत होती है ऐसे वक्त में पानी नहीं मिलने पर फसल बर्बाद हो जाती है.

## भरवेली में धूमधाम से मनाई गई बाबासाहब अंबेडकर की जयंती




### रैली में स्वल्पाहार किया गया वितरण

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट ।**

भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती भरवेली ,हीरापुर में उत्साह पूर्वक और धूमधाम से मनाई गई 14 अप्रैल को जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा बुद्ध वंदना के साथ पंचशील पाठ कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियां बताएं। संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकाली गई रैली में जय भीम, बाबा साहब अमर रहे के नारे लगते रहे । रैली मे सम्मिलित अंबेडकर अनुयायियों के लिए जगह-जगह स्वल्पहार वितरण किया गया। स्वल्पाहार के वितरण से रैली में शामिल लोगों को ऊर्जा मिली और वे बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त कर पाए. स्वल्पाहार वितरण में अरविंद गेडाम, हेमंत ऊके, डैनी डोंगरे, सुमित डोंगरे, युवराज डोंगरे, अमरदीप ऊके, सुरक्षित गेडाम, मिलन चौरे, आकाश लांजेवार, अमित रामटेके, अमन लांजेवार, प्रणीत मेश्राम, राजा मेश्राम, रितांशु गेडाम, अतुल ढहाते, हर्ष ऊके,अतुल चौधरी, कुलदीप निकोसे, आयुष हुमनेकर एवं समस्त युवा सम्मिलित रहे।

## भाजपा मंडल उकवा ने रेंज ऑफिस चौक में अम्बेडकर जयंती पर किया शरबत वितरण



**उकवा ।** भाजपा मंडल उकवा में मंडल अध्यक्ष विजय पटले एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉक्टर भीम राव आंबेडकर जी के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर मिठाइयां बांटकर जयंती मनाई गई एवं रैली में उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथि गणों का स्वागत सत्कार कर शरबत वितरण किया गया।इस अवसर पर महामंत्री तपेश घुले,उषा गिरे, उपाध्यक्ष कांति चौहान,,तरूण रावल,,मुरलीधर नर्सवानी,, ओम प्रकाश चौकसे,,संजय चौकसे,,सोशल मीडिया प्रभारी शिव कोहरे,,श्री गेडाम जी,,गोकुल क्षत्रिय,,एवं ग्रामवासीयो द्वारा बाबा साहेब के संबंध में विचार रखे गए। 14 अप्रैल सिर्फ एक तारीख नहीं बल्कि क्रांति समानता और न्याय की गूंज है। इस दिन उस व्यक्तित्व का जन्म हुआ था जिनकी कलम ने भारत का संविधान लिखा और जिनकी सोच ने करोड़ों लोगों को जीने का हक और उम्मीद दी।

### देशभक्ति से प्रेरित जाट मूवी में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के अभिनय को खूब सराहा

## बैहर सिनेमा हॉल में फिल्म देखने लगी प्रशंसकों की भीड़



**हरिभूमि न्यूज़ बैहर।**

वैसे तो भारतीय सिनेमा जगत में एक से बढ़कर एक फिल्म और अभिनेताओं के किरदार को बखूबी पहचान मिलती है, लेकिन हाल ही में रिलीज जाट मूवी ने सिनेमा घरो को हिलाकर रख दिया है। बता दे की जाट मूवी एक सच्चे देशभक्त को अपने कर्तव्यों के प्रति कितना सजग रहकर कार्य करना चाहिए यह अभिनेता सनी देओल ने अपने मुख्य किरदार में प्रदर्शित कर चुके हैं । और दर्शकों के दिल में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जिसमें धमाकेदार आवाज ने सिनेमाघरों को हिलाकर रख दिया है, वही रणदीप हुड्डा के नकारात्मक अभिनय को भी प्रशंसकों ने खूब सराहना की है और उनकी भी दमदार आवाज को लेकर खूब प्रशंसा की जा रही है। जाट मूवी अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में भीड़ लगने को मजबूर कर दिया है। अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा के किरदार पर चार चांद लगते नजर आ रहे हैं। इसी का एक नजारा बैहर में संचालित ट्रेजर सिनेमा में देखने को मिल रहा है। नकारात्मक किरदार की मुख्य भूमिका निभा रहे रणदीप हुड्डा के एक प्रशंसक ने तो एक शो की पूरी टिकिट बुक कर अपने परिवार और साथियों, के साथ मूवी भी देखते नजर आए। प्रशंसक से चर्चा के दौरान बताया की, रणदीप हुड्डा एक बेहतर कलाकार है, जो नकारात्मक किरदार में एकदम फिट बैठते है। जिनके अभिनय की चर्चा पूरे बैहर में जोर शोर से हो रही है, रणदीप हुड्डा जी का नाता बैहर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, वह बैहर कई बार आते है और सामान्य तौर से बैहर वासियों से मिलते भी है । जिनकी जाट मूवी देखने के लिए हमने सभी प्रशंसको को आमंत्रित कर देश भक्ति से ओत प्रोत, मूवी देखने की अपील की है।*

### इनका कहना है

**अधिवक्ता धर्मेंद्र पांडे :** जाट मूवी एक सच्चे देशभक्त के कर्तव्यों को दर्शाया गया अभिनीत फिल्म है। जिसमें मुख्य कलाकार सनी देओल और रणदीप हुड्डा ने अपने दमदार किरदार से सिनेमाघरों में भीड़ लगने पर मजबूर कर दिया है। रणदीप हुड्डा बैहर क्षेत्र कई बार आकर अपने प्रशासकों से मिल चुके है, जो बहुत ही सरल, सहज और व्यक्तित्व के धनी है। एक बार सभी बैहर वासियों को यह जाट फिल्म जरूर देखना चाहिए।*

**आर राजा सोनवाने:** वैसे तो सनी देओल हमेशा से ही देशभक्ति का किरदार निभाते आए है। लेकिन उनकी जाट मूवी सिनेमाघरों को हिलाकर रख दिया है । वहीं रणदीप हुड्डा अपने नकारात्मक किरदार में प्रशंसकों के बीच एक अलग पहचान बनाई है, जिनके अभिनय की खूब सराहना की जा रही है। वह एक सरल स्वभाव के व्यक्ति है, बैहर क्षेत्र में उनका आनाजाना लगा रहता है। सभी से वे अपने खाली समय के दौरान सामान्यतः मिलते हैं।